आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.11.2025 समय : 0705

<><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तेज गति से जारी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा सभी नागरिक अपनी भागीदारी को लेकर सक्रिय रहे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे।
- बॉलीवुड के ही–मैन और पद्मविभूषण अभिनेता धर्मेन्द्र का निधन–राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।
- समाज कल्याण निदेशालय और महिला सशक्तिकरण ने महिलाओं के लिए साइबर सुरक्षा और उनके अधिकारों पर किया जागरूक।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल कुमार ने कल प्रेस वार्ता में बताया कि विशेष पुनरीक्षण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। उन्होंने जानकारी दी कि निन्यानब्बे प्रतिशत प्रिंटेड एन्यूमरेशन फ़ॉर्म मतदाताओं को उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिनमें से छियासठ प्रतिशत फ़ॉर्म घर–घर अभियान के दौरान वापस प्राप्त कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए CEO और सभी DEO कार्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित कर दिए गए हैं। चार सौ ग्यारह बीएलओ इस कार्य में तैनात किए गए हैं और आठ सौ चौबीस राजनीतिक प्रतिनिधियों को भी SIR प्रक्रिया में शामिल किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि SIR कार्यों की अंतिम तिथि चार दिसंबर, जबकि फ़ॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि नौ दिसंबर है। उन्होंने यह भी बताया कि नौ दिसंबर से आठ जनवरी तक मतदाता अपने नाम जोड़ने या हटाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी समस्या या जानकारी के लिए एक नौ पांच शून्य टोल–फ्री नंबर पर संपर्क करें, अपने बीएलओ से मिलें, अथवा संबंधित मतदान केंद्र पर जाएँ। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने एस आई आर के उद्देश्य पर कहा कि

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे, जिसे मंदिर निर्माण कार्य की पूर्णता का प्रतीक माना जा रहा है। प्रधानमंत्री का यह दौरा रामनगरी में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के नए अध्याय की शुरुआत के रूप में देखा जा

रहा है। आकाशवाणी के अनुसार प्रधानमंत्री सबसे पहले सप्त मंदिर परिसर जाएंगे। इसके उपरांत वे रामलला गर्भगृह में भी दर्शन करेंगे। दोपहर लगभग बारह बजे प्रधानमंत्री श्री राम जन्मभूमि मंदिर के पवित्र शिखर पर भगवा ध्वज फहराएंगे। यह ध्वजारोहण मंदिर निर्माण कार्य की समाप्ति का आधिकारिक संकेत होगा और राष्ट्रीय एकता तथा सांस्कृतिक गौरव के भाव को और अधिक सशक्त करने वाला क्षण माना जा रहा है।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि श्रीमद्भगवद् गीता का संदेश भारत की सीमाओं से कहीं आगे तक पहुँचता है और संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि गीता ने पीढ़ियों को दिशा दी है और आज भी युवाओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने पहलगाम की हाल की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत शांति का पक्षधर है, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर देश ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मजबूती से जवाब दिया।

<><><><><><><>

वयोवृद्ध अभिनेता और पद्म भूषण से सम्मानित धर्मेंद्र का कल सुबह मुंबई स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। नवासी वर्षीय अभिनेता पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और इसी माह ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराए गए थे। छह दशक से अधिक लम्बे कॅरियर में धर्मेंद्र ने भारतीय सिनेमा में एक ऐसी पहचान बनाई जो पीढ़ियों तक याद रखी जाएगी। उन्नीस सौ साठ में डेब्यू करने वाले धर्मेंद्र ने तीन सौ से अधिक फिल्मों में अभिनय किया, जिनमें शोले में वीरू का किरदार आज भी दर्शकों के मन में जीवंत है। फूल और पत्थर, सीता और गीता, चुपके चुपके, धरम वीर और प्रतिज्ञा उनकी प्रमुख सफल फिल्मों में शामिल हैं। उनकी अंतिम फिल्म इक्कीस का पोस्टर उनके निधन से कुछ घंटे पहले ही जारी किया गया। लुधियाना के सहींवाल में उन्नीस सौ पैंतीस में जन्मे धर्मेंद्र ने दो हजार चार से दो हजार नौ तक बीकानेर से लोकसभा सांसद के रूप में भी सेवा दी। फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार सहित कई सम्मान उनके नाम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और गृहमंत्री अमित शाह ने अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने कल श्री विजयपुरम् में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान कटबर्ट बे और मध्य अंडमान के आसपास के वन क्षेत्रों के निवासी और प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस बैठक में वन विभाग ने सांसद को सूचित किया कि प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्वास के प्रस्ताव के लिए एक अंतरिम आवेदन दायर किया है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। सांसद ने आश्वस्त किया कि प्रशासन के साथ संवाद को सुगम बनाया जाएगा, ताकि एक न्यायपूर्ण समाधान निकाला जा सके।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय और जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र ने मिलकर महिलाओं को साइबर सुरक्षा के विषय पर जागरुक किया। टैगोर कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन एक आठ एक और चाइल्ड हेल्पलाइन एक शून्य नौ आठ के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान, महिलाओं को उनके अधिकारों और साइबर अपराधों से सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

<><><><><><><>

ननकौड़ी के खंड परियोजना कार्यालय द्वारा राजकीय मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, कमोर्टा में स्कूल की सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस, स्वास्थ्य और अग्निशमन विभाग के विशेषज्ञों ने स्कूलों में सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। पुलिस उप–निरीक्षक रहील इस्लाम ने स्कूल सुरक्षा के बारे में जानकारी दी, जबकि डॉ. शबनम सलीम ने स्वास्थ्य आपात स्थितियों और प्राथमिक चिकित्सा की तैयारियों के बारे में बताया। अग्निशमन कर्मचारी परिमल बेपारी ने अग्नि सुरक्षा उपायों और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

द डेली टेलीग्राम्स ने द्वीपसमूह में जिम्मेदार पर्यटन पर सुर्खी देते हुए कहा–भारत में अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह जिम्मेदार पर्यटन और रोमांचक अनुभवों के लिए नए द्वार खोलते हैं। भारत के तिरपनवें न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने ली शपथ–द्वीप समाचार की खबर है। आर डी निदेशालय द्वारा ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा एस आई आर पर समीक्षा बैठक करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने प्रकाशित किया है, जबकि अंडमान एक्सप्रेस

अंग्रेजी और अंडमान क्रोनिकल ने पैनकेक सिलाट लीग में द्वीपों के खिलाड़ियों द्वारा एक सौ चौदह पदक हासिल करने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>